चौ0 देवी लाल आयुर्वेदिक कॉलेज मे नेशनल सेमिनार का आयोजन हुआ

चौ0 देवी लाल आयुर्वेदिक कालेज बुडिया रोड द्वारा मूत्रवह (गुर्दे) संबधित रोगो की आयुर्वेद द्वारा ईलाज बारे विस्तार से चर्चा कि गई । इस सेमिनार के मुख्य वक्ता वैद्य एस गोपा कुमार सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज त्रिवेन्द्रम (केरल) व वैद्य अनुज जैन ग्वालियर मध्यप्रदेश से थे। मुख्य वक्ताओ ने गुर्दो सम्बनिधत रोगो के कारण, चिकित्सा व परहेज पर तथा डायलिसीस ले रहे मरीजो पर आयर्वेदिक औषधियों के , द्वारा सफलता पूर्वक परिणामों पर विशेष चर्चा की व अपने अनुभवो को आये हुऐ अतिथियों के साथ सांझा किये इस सेमिनार मे भारत के विभिन्न राज्यो से आये हुऐ वैद्यों व विद्यार्थियो विभिन्न कॉलेजो मे कार्यरत चिकित्सको व अध्यापको ने आकर वक्ताओं को सुना व चिकित्सा मे आ रही अपनी परेशानियों के बारे मे वक्ताओं से विस्तार से चर्चा की व भविष्य मे आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा मरीजों का ईलाज करने की शपथ ली तथा वक्ताओं द्वारा उनके अनुभव की सराहना की और चौ0 देवी लाल कॉलेज की शिक्षा समिति व प्रधानाचार्य से भविष्य मे भी इस तरह के सेमिनार करते रहने के लिए अनुरोध किया। इस सेमिनार मे डा0 बलदेव कुमार वाईस चांन्सलर आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र मुख्य अतिथि रहे। जिन्होने अपने अभिभाषण मे वक्ताओ का व सभी शिक्षकों व शिक्षण संस्थान समिति के इस सेमिनार के आयोजन के लिए आभार वयक्त किया और भविष्य मे युनिवर्सिटी द्वारा किसी भी तरह की सहायता के लिए आश्वासन दिया और भविष्य मे भी इस तरह के आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। इस सेमिनार मे डा0 ऋषि राज वशिष्ठ चेयरमैन बोर्ड ऑफ आयुर्वेदा हरियाणा भी अतिथि रहे। व उन्होने भी इस आयोजन के लिए बधाई दी व सरकार द्वारा किसी भी तरह की सहायता के लिए आश्वासन दिया डा0 बलबीर सिंह एस.के.जी.ए.सी., के.के. आर. डा0 अर्जुन शर्मा, डा0 विनिता नेगी सी. एस. आई. आर. हिमाचल प्रेदश, डा0 मिस्टर एण्ड मिसेज कुलदीप जालंधर डा0 साक्षी शर्मा सी.सी.आर.एस दिल्ली ने चेयरपर्सन के तौर पर शिरकत की। इस सेमिनार मे आऐ सभी डेलिगेटस,मुख्य अतिथि, चेयरपर्सन व देवी लाल शिक्षण समिति व सभी शिक्षको, विद्यार्थियों व अन्य कर्मचारियों का डा0 रविन्द्र गुप्ता प्रधानार्च ने सभी का धन्यावाद किया, सफलता व सहयोग के लिए बधाई दी।

C.D.L. College of Ayurveda & Hospital
Hospital Incharge
JAGADHRI